प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)

प्रिलिम्स के लिये:

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY), ज़ीरो प्रीमियम, सब्सिडी, फसल बीमा

मेन्स के लिये:

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सरकारी नीतियाँ और हस्तक्षेप

चर्चा में क्यों?

वर्ष 2019-20 में फसल बीमा योजना से बाहर निकलने के बाद आंध्र प्रदेश सरकार हाल ही में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) में फिर से शामिल हो गई है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY):

- **परिचय:**
  - PMFBY को वर्ष 2016 में लॉन्च किया गया तथा इसे कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रशासित किया जा रहा है।
  - इसने **राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (NAIS)** और संशोधित **राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना (MNAIS)** को परिवर्तित कर दिया।
- **पात्रता:**
  - अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसल उगाने वाले पट्टेदार/जोतदार किसानों सहित सभी किसान कवरेज के लिये पात्र हैं।
- **उद्देश्य:**
  - प्राकृतिक आपदाओं, कीटों और रोगों या किसी भी तरह से फसल के खराब होने की स्थिति में एक व्यापक बीमा कवर प्रदान करना ताकि किसानों की आय को स्थिर करने में मदद मिल सके।
  - खेती में **निरंतरता सुनिश्चित करने के लिये** किसानों की आय को स्थिर करना।
  - किसानों को नवीन और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिये प्रोत्साहित करना।
  - कृषि क्षेत्र के लिये ऋण का प्रवाह सुनिश्चित करना।
- **बीमा किस्त:**
  - इस योजना के तहत किसानों द्वारा दी जाने वाली निर्धारित बीमा किस्त/प्रीमियम- खरीफ की सभी फसलों के लिये 2% और सभी रबी फसलों के लिये 1.5% है।
  - वार्षिक वाणिज्यिक तथा बागवानी फसलों के मामले में बीमा किस्त 5% है।
  - किसानों द्वारा भुगतान की जाने वाली प्रीमियम दरें बहुत कम हैं और प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल के नुकसान के खिलाफ किसानों को पूरी बीमा राशि प्रदान करने के लिये शेष प्रीमियम का भुगतान सरकार द्वारा किया जाएगा।
  - सरकारी सब्सिडी की कोई ऊपरी सीमा नहीं है। यदि शेष प्रीमियम 90% है, तो भी वह सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।
    - इससे पहले प्रीमियम दर को सीमित करने का प्रावधान था जिसके परिणामस्वरूप किसानों को दावों का कम भुगतान किया जाता था।
    - यह कैपिंग प्रीमियम सब्सिडी पर सरकार के खर्च को सीमित करने के लिये किया गया था।
    - इस सीमा को अब हटा दिया गया है और किसानों को बिना किसी कटौती के पूरी बीमा राशि।
- **PMFBY के तहत तकनीक का प्रयोग:**
  - **फसल बीमा एप:**
    - यह किसानों को आसान नामांकन की सुविधा प्रदान करता है।
    - किसी भी घटना के घटित होने के 72 घंटों के भीतर फसल के नुकसान की आसान रिपोर्टिंग की सुविधा।
  - **नवीनतम तकनीकी उपकरण:** फसल के नुकसान का आकलन करने के लिये सैटेलाइट इमेजरी, रिमोट-सेंसिंग तकनीक, ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग का उपयोग किया जाता है।
  - **PMFBY पोर्टल:** भूमि रिकॉर्ड के एकीकरण के लिये PMFBY पोर्टल की शुरुआत की गई है।
- **हाल ही में हुए बदलाव:**
  - यह योजना पहले ऋणी किसानों के लिये अनिवार्य थी, लेकिन वर्ष 2020 में केंद्र सरकार ने इसे सभी किसानों के लिये वैकल्पिक बना दिया

है।

- पहले बिमांकति प्रीमयिम दर और कसिान द्वारा देय बीमा प्रीमयिम दर के बीच के अंतर सहति औसत प्रीमयिम सब्सडिी की दर राज्य तथा केंद्र द्वारा साझा की जाती थी एवं राज्य और केंद्रशासति प्रदेश अपने बजट से औसत सब्सडिी के अलावा अतरिक्ति सब्सडिी का वसि्तार करने के लयि स्वतंत्र थे।

◦ केंद्रीय मंत्रमिंडल ने इस योजना के **तहत गैर-सचिति क्षेत्रों/फसलों के लयि बीमा कसि्त की दरों पर केंद्र सरकार की हसि्सेदारी को 30% और सचिति क्षेत्रों/फसलों के लयि 25%** तक सीमति करने का नरि्णय लयिा है। पहले, केंद्रीय सब्सडिी की कोई ऊपरी सीमा नरि्धारति नहीं थी।



//

PMFBY से संबंधति मुद्दे:

- **राज्यों की वति्तीय बाधाएँ:** राज्य सरकारों की वति्तीय बाधाएँ और सामान्य मौसम के दौरान कम दावा अनुपात इन राज्यों द्वारा योजना को लागू न करने के प्रमुख कारण हैं।
  - राज्य ऐसी स्थति से नपिटने में असमर्थ हैं जहाँ बीमा कंपनयिाँ कसिानों को राज्यों और केंद्र से एकत्र कयि गए प्रीमयिम दर से कम मुआवज़ा देती हैं।
  - राज्य सरकारें समय पर धनराशि जारी करने में वफिल रही हैं जसिके कारण बीमा क्षतपिूर्ति जारी करने में देरी हुई है।
  - इससे कसिान समुदाय को समय पर वति्तीय सहायता प्रदान करने की योजना का मूल उद्देश्य ही वफिल हो जाता है।
- **दावा नपिटान संबंधी मुद्दे:** कई कसिान मुआवज़े के स्तर और नपिटान में देरी दोनों से असंतुष्ट हैं।
  - ऐसे में बीमा कंपनयिों की भूमकिा और शक्ति अत्यधकि महत्त्वपूर्ण है क्योंकि कई मामलों में उन्होंने स्थानीय आपदा के कारण हुए नुकसान की जाँच नहीं की जसि कारण दावों का भुगतान नहीं कयि गया।
- **कार्यान्वयन के मुद्दे:** बीमा कंपनयिों द्वारा उन समूहों के लयि बोली लगाने में कोई दलिचस्पी नहीं दखिाई गई है जो फसल के नुकसान से प्रभावति हो सकते हैं।
  - बीमा कंपनयिाँ अपनी प्रकृति के अनुसार यह कोशशि करती हैं कि फसल कम खराब हो तो मुनाफा कमाया जाए।

आगे की राह

- इस योजना से संबंधति सभी लंबति मुद्दों को हल करने के लयि राज्यों और केंद्र सरकार के बीच व्यापक पुनर्वचिार की आवश्यकता है ताकि कसिानों को इस योजना का लाभ मलि सके।
- इसके अलावा इस योजना के तहत सब्सडिी का भुगतान करने के बजाय **राज्य सरकार को उस पैसे को एक नए बीमा मॉडल में नविेश करना चाहयि।**

यूपीएससी सविलि सेवा परीक्षा वगित वर्षों के प्रश्न:

प्रश्न: 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' के संदर्भ में नम्निलखिति कथनों पर वचिार कीजये: (2016))

1. इस योजना के तहत कसिानों को वर्ष के कसिी भी मौसम में खेती की जाने वाली कसिी भी फसल के लयि दो प्रतशित का एक समान प्रीमयिम का भुगतान करना होगा।

2. इस योजना में चक्रवातों और बेमौसम बारिश तथा फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को शामिल किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

उत्तर: B

व्याख्या:

- **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई फसल बीमा योजना है।** इसमें प्राकृतिक आपदाओं (चक्रवात और बेमौसम बारिश), कीटों एवं बीमारियों से फसल कटाई से पूर्व त्तथा बाद के नुकसान को शामिल किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **प्रमुख बिंदु**
  - सभी खरीफ फसलों के लिये किसानों द्वारा केवल 2% और सभी रबी फसलों के लिये 1.5% का एक समान प्रीमियम का भुगतान किया जाएगा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - वार्षिक वाणिज्यिक और बागवानी फसलों के लिये 5% प्रीमियम का भुगतान किया जाना है।
  - किसानों द्वारा भुगतान की जाने वाली प्रीमियम दरें बहुत कम हैं और शेष प्रीमियम का भुगतान सरकार द्वारा किया जाएगा।
  - सरकारी सब्सिडी की कोई ऊपरी सीमा नहीं है। यदि शेष प्रीमियम 90% है, तो भी वह सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।
  - प्रीमियम की सीमा अब हटा दी गई है और किसानों को बिना किसी कटौती के पूरी बीमा राशि का भुगतान किया जाएगा।
  - प्रौद्योगिकी के उपयोग को काफी हद तक प्रोत्त्साहित किया जाता है। किसानों को दावा भुगतान में देरी को कम करने के लिये फसल कटाई के डेटा का एकत्रण और अपलोड करने के लिये स्मार्टफोन का उपयोग किया जाएगा। फसल काटने के प्रयोगों की संख्या को कम करने के लिये रिमोट सेंसिंग का उपयोग किया जाएगा। **अतः विकल्प (b) सही है।**

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pradhan-mantri-fasal-bima-yojana-pmfby